भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2560
दिनांक 19 दिसम्बर, 2023 / 28 अग्रहायण, 1945 (शक) को उत्तर के लिए

पद्म पुरस्कार

†2560. श्री प्रतापराव जाधवः
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः
श्री सुधीर गुप्ताः
श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा देश में किसी व्यक्ति को पद्म पुरस्कार अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री प्रदान करने के लिए अपनाए गए / पालन किए जाने वाले मानदंड क्या है;
(ख) सरकार द्वारा किन क्षेत्रों में ये विशिष्ट पुरस्कार दिए जाते हैं;
(ग) इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार के पास कोई तंत्र या योजना मौजूद है जिसके माध्यम से पद्म पुरस्कार विजेता द्वारा किए गए कार्य या उपलब्धियां लोगों तक पहुँचती हैं ताकि पद्म पुरस्कार विजेता को प्रोत्साहन मिल सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ङ): पद्म पुरस्कार प्रत्येक वर्ष तीन श्रेणियों में दिए जाते हैं, नामतः "असाधारण और विशिष्ट सेवा" के लिए पद्म विभूषण; "उच्च श्रेणी की विशिष्ट सेवा" के लिए पद्म भूषण और किसी भी गतिविधि के क्षेत्र में "विशिष्ट सेवा" लिए पद्म श्री। कोई भी व्यक्ति जाति, व्यवसाय पद या लैगिंक भेदभाव के बिना पद्म पुरस्कारों के लिए पात्र है। चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले कर्मचारियों सहित सेवारत सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं हैं। प्राप्त हुए सभी नामंकनों को पद्म पुरस्कार समिति के समक्ष उसके विचारार्थ रखा जाता है। केवल पद्म पुरस्कार समिति की सिफारिशों पर ही पुरस्कार प्रदान किया जाता है। पद्म पुरस्कार समिति द्वारा अनुशंसित व्यक्तियों के नामों को अनुमोदन के लिए सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2560, दिनांक 19.12.2023

पद्म पुरस्कार गतिविधियों के 10 व्यापक क्षेत्रों, नामतः कला, समाज सेवा, लोक कार्य, विज्ञान एवं इंजीनियरी, व्यापार एवं उद्योग, चिकित्सा, सहित्य एवं शिक्षा, सिविल सेवा, खेल और अन्य में दिए जाते हैं।

पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हैं और इन पुरस्कारों के साथ कोई आर्थिक या अन्य सुविधा नहीं दी जाती है।

ये पुरस्कार पद्म पुरस्कार विजेताओं द्वारा समाज और राष्ट्र के लिए किए गए योगदान या मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र में उनके जीवन भर की उपलब्धियों के लिए दिए जाते हैं।

******